**Patrika (Indore), 04th April 2024, Page - 02**

ताइपेई इकोनॉमिक एवं कल्चरल सेंटर इन इंडिया के साथ एमओयू

# अच्छी खबर : मंदारिन भाषा सीखेंगे डीएवीवी के विद्यार्थी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में एजुकेशन डिविजन, ताइपेई इकोनॉमिक एवं कल्चरल सेंटर इन इंडिया के साथ बुधवार को एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत एक भाषा विशेषज्ञ आइआइटी इंदौर में 6 महीने और डीएवीवी में 6 महीने के लिए मंदारिन भाषा में छात्रों को प्रशिक्षित करेगा। भाषाई दक्षता से परे जाकर छात्रों को विशेष रूप से ताइवानी नौकरी बाजार की बारीकियों में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए एक महीने के विशेष नौकरी प्रशिक्षणों से गुजरना होगा।

इस अवसर पर भारत में पदस्थ ताइवान के राजदूत बौश्यूएं गेर भी मौजूद थे। उन्होंने कुलपति डॉ. रेणु जैन, कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा और अन्य विभागाध्यक्षों से दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सहयोग पर चर्चा की। गौरतलब है कि पिछले महीने 15 से 23 मार्च को डीएवीवी का प्रतिनिधिमंडल ताइवान के शैक्षणिक संस्थानों के भ्रमण पर गया था। उस दौरान दोनों संस्थानों के बीच कई एमओयू साइन किए गए थे।